भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
12.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2153 का उत्तर

कम दूरी के लिए नमो भारत रेलगाड़ियां

2153. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का कम दूरी के शहरों/मार्गों के बीच चलने के लिए नमो भारत रेलगाड़ियां शुरू करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान वर्ष के दौरान देश भर में कितनी रेलगाड़ियों और मार्गों का परिचालन शुरू किया जाएगा;

(ग) दावणगेरे सहित कर्नाटक राज्य में नमो भारत रेलगाड़ियों के लिए चिह्नित किए गए मार्गों/शहरों की संख्या कितनी है;

(घ) कर्नाटक में इन मार्गों पर कब तक परिचालन शुरू कर दिया जाएगा; और

(ङ) नमो भारत रेलगाड़ी के चलने की गति कितनी है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेल, यात्रियों को तेज सेवा और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, नमो भारत रैपिड रेल सेवा का परिचालन कर रही है। पहली नमो भारत रैपिड रेल सेवा अर्थात 94801/02 अहमदाबाद-भुज नमो भारत रैपिड रेल 17 सितंबर, 2024 से शुरू की गई है। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नमो भारत रैपिड रेल सेवाओं सहित गाड़ी सेवाओं की शुरूआत, यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन सतत् प्रक्रिया है।

बहरहाल, चूंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए गाड़ियों को नेटवर्क आवश्यकताओं के अनुसार सीमाओं के आर-पार शुरू किया जाता है।

****

sk